हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 30 दिसंबर 2024



# गुणवत्ता की खुली पोल: गड्ढों में तब्दील नई सड़कें, कागजों में दिखी मरम्मत

## डिप्टी सीएम के निर्देश पर राज्य गुणवत्ता नियंत्रण ने की ग्रामीण सड़कों की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की जर्ज़ाण के गुणवत्ता और आवागमन की सुविधा को देखते हुए ग्रामीण सड़कों की तस्वीर बदलने के लिए उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश की ग्रामीण सड़कों को गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं, जिस पर अधिकारियों द्वारा सड़कों एवं निर्माणाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक हरिओम शर्मा द्वारा राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्रामीण सड़कों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान राजनांदगांव जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एनएच-6 से नाथूनवागांव, कोनारी से गिरगांव सड़क तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत तुमड़ीबोड़ से नाथूनवागांव, बीजेभाठा से गिरगांव, कोनारी से मनेरी, दीवानभेड़ी से एनएच-6 (मलईडबरी) व्हाया टोलागांव, कुमर्दा-धनगांव से भेजराटोला, डोंगरगांव-चौकी रोड से कुल्हाड़ी, हितागोटा से सांगली, टी-8 से सांगली, टी-1 से डोंगाघाट तथा डोंगरगांव-चौकी रोड से भगवानटोला सड़क का निरीक्षण किया।

### खराब सड़कों पर नाराजगी

छुरिया विकासखंड में मेसर्स दास प्रोसेसर्स की सड़क कुमर्दा-धनगांव से भेजराटोला सड़क की सतह खराब होने पर सड़क के सभी प्रकार के भुगतान रोककर पुनः सीलकोट करने हेतु निर्देशित किया गया तथा विकासखंड डोंगरगांव की सड़क तुमड़ीबोड़ से नाथूनवागांव की जर्जर अवस्था देख अत्याधिक नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सड़क में जर्जर अवस्था के सुधार के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में अधीक्षण अभियंता तथा कार्यपालन अभियंता जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता द्वारा पिछले 2 छमाही का संधारण देयक भुगतान नहीं किए जाने तथा कई नोटिस दिए जाने के पश्चात भी किसी भी प्रकार का संधारण कार्य नहीं किए जाने की जानकारी दी गई।



### सड़कों का रखरखाव महत्वपूर्ण

मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक हरिओम शर्मा द्वारा डोंगरगांव-चौकी रोड से कुल्हाड़ी तथा बीजेभाठा से गिरगांव सड़क में निर्देशानुसार प्रशासकीय सक्रियता देखी गई तथा संधारण कार्य विभाग द्वारा तत्काल प्रारंभ करा दिया गया। उन्होंने संधारण नहीं करने वाले ठेकेदार की अनुबंधानुसार बैंक सुरक्षा राशि राजसात करने के पश्चात उन्हें आगामी टेंडर प्रक्रिया से अलग करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने तथा गुणवत्ताविहीन संधारण एवं निर्माण कार्यों में कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन के मंशानुरूप सड़कों को गुणवत्तापूर्ण बनाना मुख्य उद्देश्य है। साथ ही सड़कों का रख-रखाव करना भी महत्वूर्ण कार्य है। जिसके लिए तय समय-सीमा में सड़कों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

---

## राज्य शासन ने शुरू की तैयारी, खरीदी निपटने के तत्काल बाद शुरू होगी नीलामी

# फ्री सेल के जरिये 40 फीसदी धान नीलाम करेगी सरकार

**अरवा और उसना मिल में धान खपने के बाद शेष की होगी नीलामी**

**पहली बार पतले धान का मापदंड, अब कस्टम मिलिंग में ही खपेगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पहली बार छग में उपार्जित होने वाले करीब 160 लाख मैट्रिक टन धान में 37 लाख टन की फ्री सेलिंग किए जाने की तैयारी है। यही नहीं पहली बार सरकार ने पतले चावल का भी मिलरों से हिसाब लिया है। उन पतले धान से उपार्जित होने वाले चावल को कस्टम मिलिंग में ही खपाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। पिछले दिनों किए गए गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार राज्य शासन पतले धान से चावल बनने का भी खाका पहले ही तैयार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि सरकारी धान के उठाव में मिलरों द्वारा सबसे पहले पतले धान को ही तवज्जों दिया जाता है। इस पतले धान से बनने वाले चावल को मिलरों द्वारा बाहरी राज्यों में बेचकर मोटी रकम कमाई की जाती है। जबकि इससे पहले पतला और मोटा चावल लेने का मापदंड नीति में ही नहीं था, लेकिन इस बार राज्य शासन द्वारा पतले धान का पूरा हिसाब तैयार कर लिया है। निर्देश में कहा गया है कि इस बार 123 लाख टन धान का निराकरण एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम को किया जाना है। इसमें 37 लाख टन की नीलामी होगी। प्रदेश में 26 दिसंबर 2024 की स्थिति में लगभग 72.44 लाख मे.टन धान का उपार्जन किया जा चुका है एवं उपार्जित धान में 31.05 लाख मे.टन धान का डीओ तथा 14.75 लाख मे.टन धान का टीओ जारी किया जा चुका है।

## 37 लाख टन धान नीलाम करेगी सरकार, पतले धान का भी मांगा हिसाब

### पिछले साल का स्टाक शेष, एफसीआई को आठ लाख टन क्विंटल

गत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश में कुल 144.92 लाख मे.टन उपार्जित धान में से 14.44 लाख मे. टन धान पतले किस्म का है, जो कि कुल उपार्जित मात्रा का लगभग 10 प्रतिशत है। गत वर्ष में पतले धान के आवक अनुपात के मान से इस खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मे.टन में से लगभग 16 लाख मे.टन पतला धान उपार्जन होने की संभावना है। केन्द्र से राज्य को 8 लाख मे.टन उसना चावल जमा करने का आबंटन प्राप्त हुआ है। जिससे लगभग 11.65 लाख मे.टन पतला धान का निराकरण किया जा सकता है एवं शेष 4.35 लाख मे.टन पतला धान का निराकरण नान अरवा के लक्ष्य के माध्यम से किया जा सकता है।



### पतले धान की टीओ पर लगाया प्रतिबंध

छग राज्य सहकारी विपण संघ मर्यादित के प्रबंधक संचालक द्वारा जारी आदेश के अनुसार संग्रहण केन्द्रों में धान भण्डारण में पतला धान का टीओ जारी नहीं किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा एफसीआई उसना एवं नान अरवा के लिए कस्टम मिलरों के लिए धान का अनुपात इस प्रकार निर्धारित किया जाए कि, जिले में उपार्जन होने वाले संपूर्ण पतला धान का कस्टम मिलिंग के माध्यम से निराकरण किया जा सके। वहीं संग्रहण केन्द्रों में सिर्फ पूराने बारदानें में धान का भण्डारण कराए, ताकि नये बारदानें मिलरों को चावल जमा करने उपलब्ध कराया जा सके एवं पुराने बारदानों में धान का विक्रय किया जा सके। मिलरों को 60:40 के अनुपात में नये एवं पुराने बारदाना देने कहा गया हैं।

### पतले धान की रूकेगी कालाबाजारी

माना जा रहा हैं कि, केन्द्र सरकार द्वारा राज्य से सिर्फ पतले धान की डिमांड की गई है। क्योकि देशभर में पतले धान की जबरदस्त डिमांड रहती है। जिसका फायदा हर साल मिलर उठाते थे और पतला चावल को कस्टम मिलिंग में जमा करने के बजाय अन्य राज्यों में बेच देते थे। धान खरीदी नीति में बढी खामी यह रही है कि, नागरिक आपूर्ति और उसना चावल के लिए भले ही टारगेट जारी किया जाता था। लेकिन कितने मोटा और पतला इसका उल्लेख नही होता था। लेकिन इस बार राज्य शासन ने सबसे पहले पतले धान को ही एफसीआई और नान में देने के निर्देश दिए हैं।

---

# नए साल के स्वागत की तैयारियों में शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष के आगमन को लेकर शहर में 31 दिसंबर की रात कई आयोजन किए जाते हैं। रेस्टोरेंट, होटल से लेकर चौक-चौराहों पर नववर्ष के आगाज को उत्साहपूर्वक मनाने युवाओं की भीड़ जमा होती है। 31 दिसंबर की रात 10 बजे से शुरू हुई महफिल 1 जनवरी की तारीख बदलने तक जारी रहती है। डीजे और आतिशबाजी के बीच नूतन वर्ष का स्वागत किया जाता है। जिसको लेकर सभी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

नववर्ष में विभिन्न आयोजनों को लेकर शहर के बीच अलग-अलग संस्थाओं के बैनर-पोस्टर भी लगाए गए हैं। जिसमें एंट्री शुल्क लेकर नववर्ष मनाया जाता है। शहर में नववर्ष पर हॉलीवुड नाइट के पोस्टर भी लगे हैं।

### जगह-जगह आयोजन

नववर्ष पर गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट चौक-चौराहे, गली-मोहल्ले और विभिन्न जगह पर छोटे-बड़े आयोजन किए जाते हैं। शहर के कई चौक पर युवाओं द्वारा नववर्ष पर डीजे लगाकर डांस और केक काटने के आयोजन भी होते हैं। जिसकी तैयारी युवाओं द्वारा की जा रही है।



### पुलिस ने शुरू की तैयारी

शहर में लगातार हो रही चाकूबाजी और आपराधिक घटनाओं को दृष्टिगत रखते उत्सापूर्ण वातावरण में नववर्ष के आयोजन को लेकर पुलिस विभाग ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है और हुडदंगियों पर नजर रखने के लिए टीम बनाई है। वहीं देर रात तक विभिन्न रेस्टोरेंट, होटलों पर आयोजनों के मद्देनजर होटल संचालकों और आयोजकों की बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं नववर्ष पर सड़क जाम करने वालों, फर्राटेदार तेज आवाज में वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। नववर्ष के आयोजन में एंट्री शुल्क लेकर युवाओं को प्रवेश देने वाले अधिकांश आयोजकों द्वारा नगर निगम की बिना अनुमति के ही नववर्ष के आयोजन को लेकर बैनर-पोस्टर शहर में जगह-जगह लगा दिए गए हैं।

---

# नए साल में शीत लहर के आसार, बढ़ेगी ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में एक बार फिर ठिठुरन भरी ठंड पड़ने वाली है। हवाओं की दिशा में परिवर्तन होने से नमी की मात्रा में कमी देखने को मिलने वाली है। जिसके चलते न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं नए साल के साथ ही शीतलहर चलने की भी संभावना जताई गई है। इधर ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों का व्यापार भी बेहतर हो सकता है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण प्रदेश में हवा की दिशा में परिवर्तन होने की संभावना है। जिसके कारण नमी की मात्रा में कमी होने की संभावना है। प्रदेश में कल 30 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 2 जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश भाग में न्यूनतम तापमान में 6-8 डिग्री तापमान में गिरावट संभावित है। उत्तर छग में 01 जनवरी से कुछ पैकेट में शीतलहर चल सकती है।



### बदली के बाद तेज धूप

अंचल में कुछ दिनों से बादल छाए थे, जिस कारण से सर्दी का अहसास नहीं हो रहा था, लेकिन अब बादल छंटने के साथ ही अंचल में सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो-तीन दिनों के दौरान सर्दी से राहत नहीं मिलेगी, बल्कि ठंड और बढ़ने वाली है। शुष्क हवाओं के कारण राज्य का मौसम बदला हुआ है।

---

# ट्रक और कार की चपेट में आने से 4 की मौत

## सड़क हादसा : घुमका के मुरमुंदा और साल्हेवारा के भांजीडोंगरी क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। जिसमें ग्राम मुरमुंदा के पास बाइक में सवार होकर आ रहे तीन लोग ट्रक की चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। वहीं बस से उतरकर घर जा रहे चार लोगों को कार ने ठोकर मार दिया। जिससे एक बालिका की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुरमुंदा निवासी भुवन यादव उम्र लगभग 35 वर्ष, तिलेश्वर यादव 27 वर्ष एवं नारद यादव लगभग 35 वर्ष एक बाइक में सवार होकर रविवार की शाम लगभग साढे 4 -5 बजे गांव मुरमुंदा की ओर से ग्राम चारभाठा की ओर जाने के लिए निकले थे। बताया गया कि वे मुरमुंदा प्रवेश द्वार के आगे पहुंचे ही थे कि मोंहदी की ओर से राजनांदगांव की ओर लापरवाही से भाग रही ट्रक की चपेट में आ गए।



### तीनों एक ही गांव के

बताया गया कि तीनों युवक मजदूर परिवार से हैं। मजदूरी से ही गुजर बसर चलता था। इधर इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ट्रक व आरोपी वाहन चालक को पकड़ लिया गया है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### मौके पर मौत

पुलिस के अनुसार उक्त घटना से मौके पर ही बाइक सवार उक्त तीनों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को चिकित्सालय भिजवाया गया। पुलिस इस मामले में जांच करते कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि तीनों मृतक एक ही गांव मुरमुंदा के निवासी हैं। इस घटना की जानकारी जैसे ही गांव वालों को हुई गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

### बस से उतरकर घर जा रहे थे

राजनांदगांव। बस से उतरकर अपने घर जाने के लिए रोड क्रास कर रहे चार लोगों को लापवाही से भागती कार ने ठोकर मार दिया। जिससे एक बालिका की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत साल्हेवारा से बडा रेंगाखार मार्ग में ग्राम भांजीडोंगरी में बस से उतरकर दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर जाने के लिए सडक पार कर रहे चार लोगों को लापरवाही से भागती कार ने ठोकर मार दिया। पुलिस के अनुसार कार की ठोकर से कु. चांदनी पटेल 16 वर्ष भांजीडोंगरी को गंभीर चोंटे आई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं इस दुर्घटना में आरती पटेल 19 वर्ष, टिकेश्वरी पटेल 14 वर्ष एवं नरबदियाबाई उम्र लगभग 68 वर्ष सभी भांजीडोंगरी निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया। बताया गया कि मृतिका एवं घायल एक ही परिवार के हैं। वे लोहारा सिंघनपुरी से अपने गांव भांजीडोंगरी बस से लौटे थे और घर जाने सडक पार कर रहे थे। इस दौरान यह जबरदस्त दुर्घटना हुई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## दावेदारों की धड़कने तेज, राजधानी स्तर पर चल रही लाबिंग

# भाजपाध्यक्ष के लिए तीन नामों का भेजा पैनल दिल्ली में तय होगा नाम, एक-दो दिनों में घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा जिला अध्यक्ष को लेकर अब दिल्ली में मंथन होगा। तीन-तीन नाम के पैनल की पर्ची प्रदेश के नेताओं के जरिये राजधानी दिल्ली तक पहुंच चुकी है, जहां राष्ट्रीय संगठन के नेताओं से चर्चा के बाद नाम फाइनल कर दिया जाएगा। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए साल में ही सभी जिलों के नए अध्यक्षों की घोषणा भी कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा अपने संगठन को नए सिरे से तैयार कर रही है। सितंबर और अक्टूबर महीने में सदस्यता अभियान चलाकर सदस्य बनाए गए। जिसके बाद नवंबर अंत से संगठन के विभिन्न पद पर चुनाव कराए जा रहे हैं। बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के बाद अब जिला अध्यक्ष के नाम भी लगभग फाइनल हो जाने की जानकारी सामने आ रही है। ज्ञात हो कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद हर जिले में अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारों की भी लंबी लाइन है।




### इन नेताओं के नाम


जिला अध्यक्ष को लेकर सभी जिलों में प्रभारी नेताओं ने कोर ग्रुप के अलावा वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर ली है। इसके बाद ही तीन-तीन नाम का पैनल तैयार किया गया है। राजनंदगांव जिले में कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी एवं रविन्द्र वैष्णव के नाम पैनल में है। खैरागढ़ जिले में रामाधार रजक, गिरीराज किशोर दास और डॉ. बिसेसर साहू का नाम है। मोहला-मानपुर जिले में नम्रता सिंह, दिलीप वर्मा, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंघी और रमेश हेड़ामे के नाम अध्यक्ष के लिए पैनल में है।

### जिले के दो नेता शामिल

इधर दिल्ली में आने वाले दिनों में होने वाले प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्रदेश संगठन के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसमें जिले से खूबचंद पारख और पूर्व संसद मधुसूदन यादव भी शामिल रहे। आगामी दिनों होने वाले प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में मतदान से लेकर चुनाव लड़ने वाले नेताओ के लिए नियम की जानकारी इन्हें दी गई। यह नेता अहम भूमिका निभाएंगो।

---

### माए एंगल




संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रौस्कोपिक सर्जन



डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)

- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### सता रही धान के सूखत की चिंता

**डोंगरगढ़।** विकासखंड में धान का उठाव नहीं होने के कारण अधिकांश केन्द्र में धान खरीदी बंद हो चुकी है। वहीं बदलते मौसम के कारण जहां समिति प्रबंधक की चिंता बढ़ रही है साथ उन्हे सूखत का डर सताने लगा है। समिति प्रबंधक धान के भीगने और सूखत की आशंका के बीच टोकन को लेकर किसानों का विरोध झेल रहे हैं। समितियों ने आफलाइन टोकन काटने को लेकर हाथ खड़े कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रशासन की मुस्तैदी से धान कोचिया दबाव में है। वहीं प्रशासन ने कई कोचियों द्वारा महाराष्ट्र, मप्र से लाए जा रहे धान एवं वाहन को जप्त किया है। प्रशासन की कार्रवाई से स्पष्ट है कि अंचल की सोसायटियों ने दूसरे राज्यों के धान को खपाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि शुरूवात में पर कोचियों ने किसानों से सांठगांठ कर उनके पर्चे-पट्टे के आधार पर टोकन प्राप्त कर अवैध धान खपा लिया है। वर्तमान में कई समिति प्रबंधकों ने कोचियों से सांठगांठ कर डीओ के आधार पर राइस मिलों में बाहर के धान को खपा दिया है।

### गोविंदपुर मंडई आज

**एलबी नगर।** गोविंदपुर में आगामी 30 दिसंबर को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए लखनपुरी की रंग रसिया नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी चोलूराम, कामता प्रसाद, देवानंद ने दिया।

## निधन

### कार्तिकराम निर्मलकर



**जेवरतला रोड़।** ग्राम भरदा (ट) निवासी कार्तिकराम निर्मलकर 90 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे देवलाल व भीखम निर्मलकर के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन शामिल हुए।

### भागवत दास साहू



**राजनांदगांव।** नया ढाबा राजनांदगांव निवासी भागवत दास साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक 78 वर्ष का 28 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री साहू दार्शनिक चिंतक एवं संस्कृत के विद्वान थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए और दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई।

---

### नियम कानून को दरकिनार कर केन्द्रों में की गई है सप्लाई

# धान खरीदी केंद्रों में सुतली व अन्य सामग्री सप्लाई की कांग्रेस करेगी जांच

## कांग्रेस ने खोला मोर्चा, जांच दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिले के ज्यादातर उपार्जन केंद्रों में धान बोरी सीलने वाली सुतली, कलर और सूजा खरीदी में भाजपा नेता की संलिप्पतता और नियम कानून को दरकिनार करने की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद कांग्रेस ने इस मामले में मोर्चा खोल लिया है। विधायक यशोदा वर्मा और जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने मामले की पूरी जॉच के लिए ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के नेतृत्व मे जॉच दल का गठन किया है।

ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह ने बताया कि दल मंगलवार 31 दिसंबर को सलोनी, जालबांधा, मड़ौदा, कामठा उपार्जन केंद्र, बुधवार 1 जनवरी को अमलीपारा, गाड़ाडीह, डोकराभाटा, बाजार अतरिया और गुरूवार 2 जनवरी को भोरमपुर, सोनपुरी, रगरा, भूलाटोला और अमलीडीह कला स्थित धान खरीदी केंद्र में समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों से पूरे मामले में अपनाई गई प्रक्रिया की जानकारी लेंगे और चर्चा उपरांत प्रतिवेदन रिपोर्ट विधायक यशोदा वर्मा को सौपेंगे। दल में नेताओं के साथ समिति से जुड़े कांग्रेस पदाधिकारी, निगरानी समिति सदस्य शामिल रहेंगे।

### करीबी होने का धौंस दिखाकर किया सप्लाई

जानकारी अनुसार राजधानी रायपुर में थोक रेट में बेहतर गुणवत्ता वाली बोरी सीलने की सुतली 65 से 70 रूपए किलो में मिल जाती है जो खुले बाजार मे ज्यादा से ज्यादा 75 रूपए प्रति किलो के भाव से आसानी से उपलब्ध हो जाती है, लेकिन इस बार वही सुतली समितियों में 120 रूपए प्रति किलो के हिसाब से भाजपा नेता ने सप्लाई किया है जबकि बीते साल इससे बेहतर क्वालिटी की सुतली धमधा दुर्ग की कंपनी ने 94 रूपए किलो में पहुँचाकर दिया था। इस दफे सुतली और रंग की सप्लाई नपा में स्टेशनरी सप्लाई और छपाई के नाम पर विवादों में घिरे भाजपा नेता विकेश गुप्ता ने धान खरीदी शुरू होने से पहले ही जिले के लगभग सभी खरीदी केंद्रों में समिति प्रबंधकों पर बड़े नेताओं के करीबी होने का दबाव सामान सप्लाई किया है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि बीते साल उन्होंने स्वयं सुतली की क्वालिटी चेक करने के बाद अपने स्तर पर आर्डर दिया था, लेकिन इस दफे उन्हें अपने मन से खरीदी का अवसर ही नही मिला।

### समिति अध्यक्ष भी हो रहे नाराज

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आहट को देखते हुए कांग्रेस एक ओर इस मामले को लेकर भाजपा के खिलाफ ग्रामीण इलाकों में मुखर होना चाहती है वही समितियों के प्राधिकृत रूप में नियुक्त भाजपा नेताओं में भी पार्षद पति की कारगुजारियों को लेकर जमकर नाराजगी है हालांकि ज्यादातर समिति अध्यक्ष इस मामले में सार्वजनिक बयानबाजी से बच रहे है, लेकिन उनका कहना है कि जब समितियों से जुड़ा काम शहर के नेता को करना था तो उन्हें दिखावे के लिए क्यो अध्यक्ष बनाया गया। बड़े नेताओं ने विकेश को किस आधार पर खुलेआम भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे रखी है।

### नहीं किया शासकीय नियमों का पालन

धान उपार्जन केंद्रों में धान बोरी सीलने वाली सुतली और मिलर, संग्रहण केंदो मे भेजने वाले धान बोरो को रंगने वाले कलर मे भाजपा नेता के दबाव मे बड़े स्तर पर धांधली की शिकायत आम होने के बाद कांग्रेस ने इस विषय को हाथों हाथ उठा लिया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष व तुरकारी पारा पार्षद पति विकेश गुप्ता ने जिले के ज्यादातर खरीदी केंद्रो मे सुतली, सूजा और तीन अलग-अलग प्रकार के रंगों का सप्लाई किया है। खुले बाजार में 80-85 रूपए किलो में मिलने वाली सुतली को 120 रूपए प्रति किलो के हिसाब से दिया गया जबकि सैकड़ों क्विंटल सुतली लेने पर थोक भाव खुद ब खुद कम हो जाता। भाजपा के बड़े नेता का दबाव बनाकर समितियों को खरीदी संबंधी प्रक्रिया करने से पहले ही सुतली केंद्रो में पहुँचा दिया गया जबकि इसके लिए समितियों को नियमानुसार शासन द्वारा तय क्रय नियमों का पालन किया जाना था जिसमें केंद्र प्रारंभ करने से पहले आवश्यक सामानों की सूची, बैठक में प्रस्ताव उसके अनुमोदन बाद कोटेशन आमंत्रण के लिए सूचना प्रसारित किया जाना था, लेकिन यहॉ इसके ठीक उलट समितियों में औपचारिकता पूरी होने से पहले ही बिना मांगे क्विंटल सुतली, कलर, सूजा पहुंचा दिया गया। समिति प्रबंधक भी इससे नाखुश है, लेकिन प्रदेश में भाजपा की सत्ता होने की वजह से दबाव के कारण चुप्पी साधे हुए है।

---

# संतों की सामाजिक समरसता यात्रा अब राजनांदगांव में



**राजनांदगांव।** विश्व हिंदू परिषद प्रांत छत्तीसगढ़ के आह्वान पर संतों द्वारा निकली सामाजिक समरसता यात्रा का नगर आगमन हुआ है। 25 दिसंबर से नर्मदा गंडई से प्रारंभ होकर संपूर्ण खंड की यात्रा कर सामाजिक समरसता का संदेश देते इस यात्रा का समापन 31 दिसंबर को राजनांदगांव में होने जा रहा है।

सात दिवसीय यह यात्रा गंडई, छुईखदान, खैरागढ़, डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी, मोहला-मानपुर, दल्लीराजहरा, बालोद एवं डौंडीलोहारा होते हुए अपने अंतिम पड़ाव पर राजनांदगांव पहुंच चुकी है। यात्रा से पूज्य संतों द्वारा सामाजिक संरचना का महत्व आम जनता को समझाते यह संदेश दिया जा रहा है कि हमारे धर्म में ऊंच -नीच एवं छुआछूत जैसी विकृति का कोई भी स्थान नहीं होना चाहिए, जिन मार्गो से यह यात्रा जा रही है, उन रास्तों में पड़ने वाले ग्रामों में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहकर संतों की वाणी को सुन रहे हैं और इस यात्रा के उद्देश्य को समझकर यात्रा का बहुत ही उत्साहपूर्वक स्वागत एवं पूरी श्रद्धा से संतों का स्वागत कर रहे हैं। कल 30 दिसंबर को यात्रा सुबह 9 बजे निकलकर राजनांदगांव से अर्जुनी, दीवानझिटिया, तुमड़ीबोड, इंदामारा, सकुलदैहान, ठेलकाडीह, घुमका, सोमनी, सुरगी, जंगलेशवर एवं हल्दी होते वापस राजनांदगांव रात्रि में पहुंचेगी।

31 दिसंबर को यात्रा राजनांदगांव शहर के विभिन्न मंदिरों एवं समाज के प्रबुद्धजनों के साथ व्याख्यान कर यात्रा के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालेगी। संध्या 4 बजे राजनांदगांव के जयस्तंभ चौक में यात्रा का समापन किया जाएगा।

समापन अवसर पर संतों द्वारा जयस्तंभ चौक पर भव्य एवं सारगर्भित संबोधन किया जाएगा। यात्रा को सभी स्थानों में काफी अच्छा है, प्रतिसाद मिल रहा है। हर जगह ग्रामीण संतों का भरपूर स्वागत कर प्रसाद का वितरण स्वस्फूर्त कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के नगराध्यक्ष योगेश बागड़ी ने सनातनियों से अनुरोध किया है कि संत जो यह समाज के लिए महत्वपूर्ण विचार हमारे सामने लाने यात्रा कर रहे हैं, उससे जुड़ें और संतो की वाणी, मार्गदर्शन का अवश्य लाभ उठाएं।

---

# खेल मैदान बर्बाद, एक करोड़ के तालाब में एक गिलास नहीं है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

## कांग्रेसियों का मिशन संडे

पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के साथ मिशन संडे मे निकले कांग्रेसियों ने अमलीपारा वार्ड में डेढ़ साल पहले 23 लाख 91 हजार रुपए के लागत से बने तालाब का निरीक्षण किया।

इस्टीमेट की अनदेखी कर बिना गहरीकरण, पत्थर का चबूतरा बनाए, बोर पंप लगाए बिना करोड़ों रूपयों का आहरण करने का आरोप लगाते हुए मनराखन देवांगन ने कहा कि तत्कालीन अध्यक्ष व वर्तमान नपा अध्यक्ष द्वारा उक्त तालाब का भूमि पूजन किया गया लेकिन तालाब पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। ठेकेदार को बिना सत्यापन भुगतान कर दिया और उसने काम पूरा कर नपा को हैंडओवर कर दिया है, लेकिन स्टीमेट आधार पर काम नही हुआ है। अमलीपारा वार्ड के अलावा शहर के लालपुर, मोंगरा, जयराम तालाब में तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखो रूपया फूका गया, लेकिन अब तालाब से एक गिलास पानी निकालना कठिन है। तालाबों का वार्डवासी उपयोग नही कर पा रहे और मवेशियों को भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। श्री देवांगन ने तालाब निर्माण और सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस संबंध में फाइल नपा में उपलब्ध नहीं है। भ्रष्टाचार को दबाने फाइल तक गुमा दी गई है। उन्होंने मामले में जांच की मांग कलेक्टर से करने की बात कही है।



### लाखों रुपए का गोलमाल करने का आरोप

कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल ने तालाब निरीक्षण बाद शहर के धनेली वार्ड में 80 लाख के लागत से बने खेल मैदान का निरीक्षण किया। खेत को कागजों में खेल मैदान बताकर लाखों रूपया गोलमाल करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि खेत को खेल मैदान बताकार लगभग 50 लाख रूपयों का भुगतान कार्य एजेंसी को कर दिया गया है। अरुण भारद्वाज ने कहा की खेल मैदान में बुनियादी सुविधा उपलब्ध नही है। बिना चारदीवारी किए मोगरा तालाब की खुदाई दौरान निकली मिट्टी को खेल मैदान में डालकर दोनों जगह में काम बताकर पैसा निकाला गया है। नेशनल मैराथन खिलाडी संत निषाद ने कहा कि मौके में खेल मैदान नजर नही आ रहा, लेकिन बाजू मे जुताई, पानी पाईप दिखने से ऐसा लग रहा कि इसमें किसान खेती करने तैयारी कर रहा है। इस दौरान प्रदेश सचिव नरेंद्र सेन, महेश यादव, पूरन सारथी, सूर्यकांत यादव, रविंद्र सिंह गहरवार, भरत चंद्राकर, शेखरदास वैष्णव, नरेंद्र वर्मा, कमलेश वर्मा, कुशल वर्मा गौतम चंद्राकर, भावेश साहू, रोहित वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

---

# फ्रैंक ब्रदर्स ने जीता 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

काका फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में लगातार द्वितीय वर्ष 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता जो स्टेट स्कूल के ग्राउंड में खेली जा रही थी। जिसका फाइनल मैच रविवार शाम को संपन्न हुआ। समापन अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा ने शामिल होकर विजेता टीम को पुरस्कार व खिताब वितरण किया।

फाइनल मैच फ्रेंक ब्रदर्स व रविराम भिलाई के मध्य खेला गया। मैच के माध्यन्तर तक दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कोई भी टीम एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर गोल नहीं कर सकी। मैच के दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने फाइनल का रोमांच बरकरार रखा और दर्शकों का भरपूर रोमांचित किया। मैच के अंतिम मिनट मे फ्रेंक ब्रदर्स की टीम ने शानदार मैदानी गोल कर अपनी टीम को मैच में बढ़त दिलाई और यही बढ़त अंत तक कायम रही। फ्रैंक ब्रदर्स की टीम विजेता हुई।



### ट्राई ब्रेकर्स से निकला मैच का रिजल्ट

गौरतलब है कि सर्वप्रथम सुबह प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच भी खेला गया, जो दुर्ग बॉयज विरुद्ध फ्रैंक ब्रदर्स के मध्य खेला गया। इसमें दोनों टीमों का स्कोर निर्धारित समय पर 0-0 रहा और अंत में मैच का रिजल्ट ट्राइब्रेकर से हुआ। प्रतियोगिता के मैचों में विशिष्ट अतिथि राजा माखीजा, कोमल सिंह राजपूत, तरणदीप सिंह की उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच के रेफरी मयूर हथेल व अखिलेश मिश्रा रहे तथा टेक्निकल टेबल पर डॉ. एमटी भद्र ने अपनी सेवाएं दी। प्रतियोगिता के आयोजन में काका क्लब की ओर से सोनू वर्मा, अजय ज्ञानचंदानी, विजय मरकाम और उनकी टीम उपस्थित थी।

### मानस महोत्सव 31 को मड़ियान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ियान



ग्राम मड़ियान में एक दिवसीय श्री राम चरित्र मानस महोत्सव, रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 31 दिसंबर को किया गया है। सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 7000, 5000, 3000, 1500, युगल डांस में 2000, 1500, 1000, 700, एकल डांस में 1500, 1000, 700, 500 रूपए दिया जाएगा। आयोजक जय मारुति नंदन युवा समिति ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

---

### ग्रामीणों को अब आवाजाही करने में होगी सुविधा

# दो करोड़ 79 लाख से स्टापडेम का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लॉक के अमलीडीह कला में विभिन्न कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू रहे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल भाजपा अध्यक्ष व अमलीडीहकला सरपंच दिनेश वर्मा, पांडादाह मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा व छुईखदान मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर उपस्थित थे। जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 2 करोड़ 79 लाख रुपयो की लागत से बनाए गए बहुप्रतीक्षित मांग रपटाकम स्टापडेम निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया जिसके बाद 3.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मंच का भूमिपूजन, 2 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 1.50 लाख रुपयो से बने मंच का लोकार्पण, 6 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण व 2.60 लाख रुपयो की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया।

मंचीय आयोजन मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि स्टापडेम बन जाने से ग्रामीणों को अब आवाजाही में किसी तरह की परेशानी नही होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी वर्गों के हित में कार्य किया जा रहा है जिसमे सरकार द्वारा महिलाओ को हर महीने एक हजार रुपये खाते में भेजकर महिलाओ को स्वावलंबन बनाने का कार्य कर रही है वही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार द्वारा रोके गए ग्रामीण आवास को भाजपा सरकार ने स्वीकृति प्रदान करके ऐतिहासिक कार्य किया है जिसके चलते गरीब परिवार को पक्का मकान बनाने का सपना पूरा हो रहा है।

जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भाजपा सरकार हमेशा अग्रसर रहती है। इस दौरान महेंद्र वर्मा, विशाल वर्मा, खोमदास वर्मा, उत्तम वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, ज्योति वर्मा, रोहित वर्मा, दिलीप वर्मा, सावित्री वर्मा, कमलाबाई वर्मा, दीपचंद वर्मा, निर्मला वर्मा, राजकुमार वर्मा, शत्रुहन निषाद, सुनीता वर्मा, ललिता वर्मा, उमा वर्मा, उत्तरा शिवारे सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।



### लगातार दौरा कर रहे विक्रांत सिंह

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा कर लोगों की बीच अपनी पकड़ बनाए हुए है। सरल सहज व्यवहार व आमजनता के कार्यों को प्रमुखता से लेकर समाधान मे तत्परता के चलते क्षेत्र में लगभग हर सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमो में उन्हें आमंत्रित किया जाता है। गौरतलब है कि इन दिनों क्षेत्र के गॉव गॉव में भागवत गीता, रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमे श्री सिंह लगातार उपस्थिति दर्ज कराकर लोगों से मेल मुलाकात कर रहे हैं। ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में श्रीमद भागवत कथा, राजफेमिली में आयोजित श्रीमद भागवत कथा और पेंड्रीकला में आयोजित रामायण कार्यक्रम में पहुंचकर कथा का रसपान किया साथ ही क्षेत्र की खुशहाली के लिए कथा व्यास से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम होने से मन मे धर्म के प्रति आस्था का भाव जागृत होता है और सुख समृद्धि बनी रहती है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, राजेन्द्र सिंह, लखन साहू, आयश सिंह, मंजीत सिंह, दिलेश्वर यदु, जयप्रकाश साहू सहित भाजपा नेता व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सिंगदई में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 3 को

**राजनांदगांव।** बजरंग चौक सिंगदई वार्ड नं. 50 में भव्य रिकार्डिंग डॉस प्रतियोगिता का आयोजन 3 जनवरी को रखा गया है।

उक्त जानकारी महाकाल भक्त ग्रुप सिंगदई वार्ड नं. 50 राजनांदगांव ने दी।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मंडई मेला 1 जनवरी को

**टाटेकसा।** छुरिया ब्लॉक के ग्राम तेलिनबांधा में आगामी 1 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में चंपा बसन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी आटरा भकुर्रा का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी शत्रुहन यादव ने दी। इसी प्रकार टाटेकसा में आगामी 1 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला नाच जीराटोला वालों का कार्यक्रम होगा। ग्राम पटेल नारायण साहू ने अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

### मन की बात में बस्तर ओलंपिक का जिक्र



**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के तहत साल का अंतिम एपिसोड को लोगों एवं बूथ कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर सुना। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने भी ग्रामीणों के साथ मोदी के उदबोधन को सुना। ग्रामीणों से चर्चा कर देश के आर्थिक विकास, पर्यावरण, प्राचीन धरोहर से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में श्री मोदी ने बस्तर ओलंपिक का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जो इलाका कभी माओवादी का गढ़ हुआ करता था वहां के बच्चे खेल में जोहर दिखा कर गोल्ड मेडल जीत रहे हैं। इस दौरान कोमल जंघेल, रोहित जंघेल, संतोष, अनुज, आत्माराम, साहस, देवानंद, गुलशन, हेमराज आदि मौजूद थे।

### मॉक टेस्ट में शामिल हुए 500 बच्चे

**गंडई पंडरिया।** नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य से गंडई परिक्षेत्र के दो स्थानों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडरवानी में लगभग 300, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोधा में लगभग 180 बच्चों ने परीक्षा में शामिल हुए। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आगामी 18 जनवरी को प्रवेश परीक्षा होने वाली है। परीक्षा के पूर्व बच्चों को तैयारी कराया जा रहा है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडरवानी में प्रभारी प्राचार्य पीयूष तंबोली, रामदत्त साहू के मार्गदर्शन में आयोजित परीक्षा में कवर्धा, खैरागढ़, बेमेतरा, दुर्ग जिले के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा पैटर्न की जानकारी दी। इस दौरान भागचंद साहू, देवानंद सोनी, श्री तंबोली, शिव श्रीवास्तव, डोगेंद्र वर्मा, देवराम साहू, बिशेश्वर नेताम, लोकेश साहू, रामदत्त साहू, बिशेश्वर साहू, महेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

### जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा



**गंडई पंडरिया।** युवा सतनामी समाज वार्ड 8 एवं 15 के युवाओं ने रविवार को बाबा गुरु घासीदास की जयंती उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान लोगों ने शोभायात्रा निकाला जो रावणभाठा मैदान से ज्ञान के अंजोर अखाड़ा, डीजे के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान समाज के युवक युवतियां सामूहिक नाचते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा बाजार लाइन से तिरंगा चौक, पुलिस लाइन होते हुए स्थानीय विश्राम गृह से रावणभाठा मैदान पहुंची। रावणभाठा मैदान में पंथी नृत्य के साथ झंडारोहण किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

### धनेश्वर सोरी का निधन



**कलकसा।** बेलगांव निवासी धनेश्वर सोरी का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के संरक्षक थे। श्री सोरी अपने जीवनकाल में गोंड समाज की सेवा में निरंतर लगे रहे। उनका अंतिम संस्कार बेलगांव में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं सामाजिकजन शामिल हुए।

### पिपरिया में बदलाव से कार्यकर्ताओं में जागी उम्मीद

# एक घर में सिमटी भाजपा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से कार्यकर्ताओं ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- किनारे होने से वरिष्ठ भाजपाई भी नाराज
- निकाय और पंचायत चुनाव में दिख सकता है नाराजगी का असर

मंडल भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति का लगातार विरोध हो रहा है। अब भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल और बढ़ गया क्योंकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पिपरिया मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति को रद्द कर दिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विवादित जगहों पर भी चर्चा कर कार्यकर्ताओं के हित में निर्णय लेंगे। जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष से इस आशय की शिकायत की है कि मंडल भाजपा के अधिकांश पद एक ही परिवार के पास है।

उन्होंने बताया कि पार्टी लाईन के विपरित एक नेता वर्तमान में जिला भाजपा उपाध्यक्ष, जिला चुनाव अधिकारी, विधानसभा संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, ग्रामीण मंडल प्रभारी, कोर ग्रुप में मेंबर, वीर बाल दिवस का जिला संयोजक है। उन्होंने बताया कि उन्हीं के परिवार के 35 वर्षीय युवा जो पार्टी में सक्रिय भी नहीं है को मंडल अध्यक्ष बना दिया गया है।

## नियुक्ति से नाराजगी

### यह थे दावेदार

जानकारी के अनुसार मंडल अध्यक्ष पद के लिए 45 वर्षीय प्रिंस कक्कड़, मोंटी भाटिया, सौमित्र सोनी, मोनू भंडारी, वीरेंद्र साहू प्रमुख दावेदार थे। तीन साल बाद सभी दावेदार उम्र की अधिकता के कारण बाहर हो जाएंगे। वहीं 35 वर्षीय जसमीत बन्नोआना अगले 10 वर्षों तक दावेदार बने रह सकते हैं। जानकारी के अनुसार 45 साल आयु की बाध्यता के कारण राकेश अग्रवाल, संतोष राव संतु, जिला मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सोनी बाहर हो चुके हैं जबकि इनकी प्रबल दावेदारी थी। उम्र की बाध्यता के कारण के कारण उनकी दावेदारी अपने आप निरस्त हो गई।

### हो सकता बड़ा नुकसान

कार्यकर्ताओं का कहना है कि वरिष्ठ नेताओं की स्वेच्छाचरिता के चलते हमेशा से थोपे गए नेताओं को झेलना पड़ता है। अभी भी पूर्व जैसा हो रहा है। नेताओं के फैसले से कार्यकर्ताओं की नाराजगी बढ़ रही है। देखना वाली बात यह है कि पिपरिया की तरह प्रदेशाध्यक्ष कार्यकर्ताओं की बातों को ध्यान में रखते हुए क्या निर्णय लेते हैं?

# गुम छात्रा के परिजनों से मिली विधायक बघेल

- रायपुर के हास्टल से गायब, पुलिस ने दर्ज नहीं किया रिपोर्ट



**डोंगरगढ़।** मुढिया निवासी भोजराम वर्मा की पुत्री हेमलता वर्मा एमएससी एंथ्रोपोलाजी की पढाई पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर में पीजी गर्ल्स हॉस्टल में रह कर रही थी। वह गत 7 दिसंबर से लापता है। संपर्क करने पर फोन बंद मिला। परिजनों ने हॉस्टल जाकर केयर टेकर को बुलाने भेजा तो उसका कमरा बंद मिला। घटना के बाद हॉस्टल प्रबंधन ने कोई मदद नहीं किया। हॉस्टल का सीसीटीवी कैमरा भी बंद मिला। परिजन जब रिपोर्ट दर्ज कराने सरस्वती नगर थाना पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने पदाधिकारियों के साथ मुढिया जाकर भोजराम वर्मा से घटना की जानकारी लिया। श्रीमती बघेल ने घटना को गंभीरता से लेकर डोंगरगढ़ एसडीओपी, थाना प्रभारी, पुलिस चौकी मोहारा प्रभारी से बात किया। इस दौरान जिपं सदस्य पुष्पा वर्मा, सुरेश सिन्हा, खोमलाल वर्मा, राजू राजपूत, लालाराम वर्मा, रंजीत भारती, मदन कुटेल, मोरध्वज वर्मा, दयालु वर्मा, किसुन लोधी, नोहर वर्मा, कीर्तन वर्मा, केशव पचकोड, नेतराम वर्मा, चुम्मन सिन्हा, पतराम वर्मा आदि उपस्थित थे।

# जिला अस्पताल में खुला जनऔषधि केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहार बाजपाई के जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल बसंतपुर राजनांदगांव में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र प्रारंभ की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी रमेश पटेल, सचिन बघेल एवं संतोष अग्रवाल द्वारा स्व. अटल बिहार बाजपाई के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत कर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का रिबन काटकर प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र खुलने से आप जनता को कम दर पर जीवनरक्षक व नियमित दवा लेने वाले को लाभ मिलेगा। साथ ही जिला अस्पताल स्टाफ से चर्चा कर अस्पताल व्यवस्था के संबंध मे जानकारी ली।

इस अवसर पर डॉ.आऱ तुलावी सीएमएचओ और सिविल सर्जन डॉ.सीआर चंद्रवंशी ने जिला अस्पताल में मरीजों को पूरी सुविधा मिल सके एवं कम दर में दवा के लिए शासन स्तर पर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिला अस्पताल की साफ सफाई व शासन की योजनाओं के बारे में बताया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस के सह सचिव सुशील जैन, प्रदीप शर्मा प्रबंधक सह जिला संगठक रेडक्रॉस, अखिलेश सिंह, खोमेश साहू फार्मासिस्ट, हेमप्रभा सिन्हा फार्माशिस्ट,दीपक नेताम सेल्समैन, सुखदेव राउत, जिला अस्पताल से डॉ. आरके नेताम, महेश नेताम, जिला अस्पताल स्टाफ, नर्सेस, वार्ड बॉय साथ ही जनप्रतिनिधि व मरीजों के परिजन आदि उपस्थित थे।

# साल के पहले दिन उमड़ेंगे श्रद्धालु

## सुरक्षा की अपेक्षित प्रशासनिक तैयारी नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में वर्तमान साल की बिदाई और नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों के मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचने की संभावना है। माना जा रहा है कि क्वांर एवं चैत्र नवरात्र में आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या के अनुरूप लगभग 31 दिसंबर और एक जनवरी को यहां आ सकते हैं। करीब 3 से 4 लाख लोगों के आने की संभावना को देखते हुए मंदिर के आसपास के दुकानदार तैयारी करने में जुटे है। वहीं ट्रस्ट मंडल और स्थानीय प्रशासन की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है जबकि सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए तैयारियां किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि नवरात्रि के पहले दिन से पंचमी तक लगातार भीड़ बढ़ने के कारण हुई दुर्घटना के बाद व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए थे।

### साल की शुरूआत देवी दर्शन से

देखने में आ रहा है कि बीते कुछ सालों से नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में लोग देवी दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। यहां आने वालों की संख्या साल दर साल बढ़ते जा रही है। बीते साल दिसम्बर के आखिरी और जनवरी के शुरूवाती दिनों में करीब 4 से 5 लाख लोग पहुंचे थे। अगले दो तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों के यहां पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन को सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था को पुख्ता करना होगा ताकि नवरात्र के दौरान हुई घटना की पुनरावृत्ति न हो।

# गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों और अन्य पर अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



निर्माण सहित अन्य कार्य में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद शासन ने तत्कालीन 3 सीएमओ, लेखापाल और इंजीनियर को निलंबित कर दिया है किन्तु इस कार्रवाई के महीले भर बाद भी अन्य अधिकारी-कर्मचारी और ठेकेदारों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। बीते पांच साल के कार्यकाल में हुए कार्य आदि की जांच की जाए तो बड़ी उजागर होने के साथ भाजपा- कांग्रेस के कई जनप्रतिनिधि कार्रवाई के दायरे में आ जाएंगे।

वर्तमान में सांसद संतोष पांडे द्वारा अधोसंरचना मद के स्वीकृत कराए गए 3 करोड़ के काम पर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी ग्रहण लगता नजर आ रहा है। भाजपा-कांग्रेस खेमे में आपसी तालमेल और अधिकारी पर दबाव के चलते अब तक वर्क आर्डर जारी नही हो पाया है। जिस इंजीनियर को निलंबित किया गया है, वह इंजीनियर पालिका में इकलौता था, जो इलेक्ट्रील इंजीनियर होने के बाद भी सिविल के काम को संपादित कर रहा था। इंजीनियर के निलंबित होने के बाद खैरागढ़ में पदस्थ सब इंजीनियर अरबाज खान की अस्थाई नियुक्ति होना बताया जा रहा है लेकिन वह भी एक घंटे का समय देना उपयुक्त नही समझ रहे है जिसे लेकर पालिका के जनप्रतिनिधि नाराज हैं। वहीं प्रदेश सरकार की कार्रवाई के बाद यहां पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी सदमे में आ गए है और कार्य कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे।

# गुरू घासीदास जयंती पर कार्यक्रम आज



**सड़क अतरिया।** बेलगांव नर्मदा में कल 30 दिसम्बर को सतनामी समाज एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में गुरू घासी दास जयंती मनाया जाएगा। ग्राम में मंड़ई का आयोजन भी रखा गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह होंगे। अध्यक्षता खम्हन ताम्रकार करेंगे। विशिष्ट अतिथि सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष खुमान देशलहरे, राजेश मेहता, अन्नु अग्रवाल, राकेश ठाकुर, भीखु हिरवानी, दिलीप ओगरे, आनंद पटेल होंगे। दोपहर को शोभायात्रा निकाला जाएगा। मनमोहक पंथी नृत्य के साथ जैतखाम पर ध्वजारोहण किया जाएगा। रात्रि में शशि रंगीला लोरमी का कार्यक्रम रखा गया है। इसी प्रकार चकनार में 31 दिसम्बर को जयंती मनाया जाएगा। दोपहर को शोभायात्रा निकाला जाएगा। पंथी नृत्य के साथ जैत खाम की पूजा अर्चना कर पाला चढ़ाया जाएगा। गांव में उक्त तिथि को मंड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ऐ मोर करोंदा गंड़ई का कार्यक्रम रखा गया है।

# नाड़ी परीक्षण कर किया 260 का उपचार



**डोंगरगढ़।** नगर में धमधागढ़ से आए नाडीवैद्य दिनेश साहू ने 260 मरीजों का नाडी परीक्षण कर निःशुल्क उपचार किया। स्थानीय स्काउट गाइड फैलोशिप एवं मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में निःशुल्क नाडी परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया था। मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 से 9 बजे तक आयुर्वेद के चमत्कार, खान-पान एवं जीवन शैली विषय पर व्याख्यान हुआ।

व्याख्यान का शुभारंभ ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने किया। दूसरे दिन नाडी परीक्षण किया गया। चिकित्सक दिनेश साहू ने मरीजों का नाडी परीक्षण कर वात पित्त कफ की स्थिति नापा। तत्पश्चात खानपान के माध्यम से उपचार किया गया। शिविर रात्रि 11 बजे तक जारी रहा। शिविर में लगभग 260 लोगों का नाडी परीक्षण कर उन्हे खानपान आदि के बारे में बताया। शिविर में सर्वाधिक मरीज ब्लड प्रेशर एवं शुगर से पीड़ित पहुंचे थे। चिकित्सक ने बताया कि मानव किस तरह निरोग रहकर जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त समय देकर उपचार उपलब्ध कराया। इस दौरान स्काउट गाइड फेलोशिप के देवेंद्र साखरे, गोपाल खेमुका के नेतृत्व में संजय सरजारे, शंकर वर्मा, गोविंद राव, अजय बिंदल, जसबीर बन्नोआना, चंद्रशेखर साखरे, जितेंद्र साखरे, विजय सरजारे, सोनाली सांगोडे, अनुराधा वर्मा, इंदिरा साखरे, ए नलिनी राव, सुधाकर सहारे, सुनील बिसेन, आयुष संगोडे, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, ट्रस्टी बबलू शांडिल्य सहित अन्य ने जिम्मेदारी निभाई। शिविर में अंबिकापुर, जशपुर, भंडारा, खैरागढ़, राजनांदगांव सहित अन्य क्षेत्र के ग्रामीण शामिल हुए।

### वीर बालक दिवस पर हुए विविध आयोजन

# सभी ने किया साहिबजादों को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर मंडल भाजपा ने वीर बालक दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन लोधी भवन वार्ड 2 में किया। कार्यक्रम में सभी समाज एवं शहर, ग्रामीण भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने बाब जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद कर उन्हे नमन किया।

चार साहिबजादों की याद में केपीएल सीजन 5 का आयोजन खालसा स्कूल स्थित महाराजा रणजीत सिंह हॉल में किया गया है। हर वर्ष 24 से 30 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह मनाया जाता है। सिक्खों के दसवे गुरु गुरुगोविंद सिंह के चार साहिबजादे जिन्होंने मुगलों के खिलाफ लड़ाते हुए बलिदान दिया था के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए शहीदी सप्ताह मनाया जाता है। शहीदी सप्ताह के दौरान सिक्ख समाज के लोग मीठे का त्याग करते हैं। इसी कड़ी में खालसा प्रीमियर लीग सीजन 5 का आयोजन किया गया है। लीग का शुभारंभ गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवाद्वार ने अरदास कर किया। सभी 17 टीमों ने खालसा मार्च किया। जूनियर वर्ग का पहला मैच सीजी टाईगर व बाज ब्रिगेड के बीच खेला गया। दूसरा मैच सुपर सीनियर वर्ग में युवराज मोटर्स बनाम बाज ब्रिगेड, तीसरा मैच सीनियर वर्ग से कक्कड़ सुपर किंग्स एवं अरोरा ईगल के बीच खेला गया। कल 30 दिसंबर को फाईनल मैच के साथ शहीदी सप्ताह का समापन होगा।






### शोभायात्रा में बरसे श्रद्धा के फूल

वीर साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए स्थानीय सिक्ख समुदाय ने श्रद्धांजलि अर्पित कर विशाल यात्रा निकाला। गुरूद्वारा से निकली इस यात्रा में सभी समाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। यात्रा में शामिल लोगों का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर अगवानी किया गया। इस मौके पर बम्लेष्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष गोपाल खेमुका, सतनामी समाज के शिशुपाल भारती, यादव समाज के बिसनाथ यादव, जैन समाज के सुनील जैन चीकू, ब्राम्हण समाज के द्वारिका प्रसाद शर्मा, ओसवाल समाज के डॉ. पन्नालाल बाफना, प्रकाश चौरड़िया, महेन्द्र अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेडी, गोविंदलाल अग्रवाल, रामकुमार डडसेना, राकेश अग्रवाल, बिजेन्द्रसिंह ठाकुर, विनित यादव, सत्यप्रकाश मिश्रा, सुदेश मेश्राम, हरिश भंडारी, शशिकांत द्विवेदी, अनिल पांडे, अनिता लोकेश इंदुरकर सहित अन्य उपस्थित थे।

### शहादत को किया नमन

दसवें सिक्ख गुरू गोविंद सिंह के पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद करते हुए नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने नए भवन में श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने वीर बाल दिवस का महत्व के बारे में बताया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ आरआर कोचे ने कहा कि सिखों के गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटों को ही चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था। उन्हे 9 वर्ष की आयु से पहले मुगल सेना ने मार डाला था। कार्यक्रम में नितेश तिरपुडे, नितिन बबलू शांडिल्य, केजी सोनकर, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव, सुशील सोनवानी, चित्रा खोब्रागढ़े, टेकराम वर्मा, महेश कोटांगले आदि उपस्थित थे।


## आवेदन आमंत्रित

**पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)**

**अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।**

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## सार समाचार

### विश्व एड्स दिवस पर मनाया गया पखवाड़ा

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के निर्देश में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया गया। पखवाड़ा के अंतर्गत एचआईवी एड्स विषय पर जन-जागरूकता के लिए 14 दिसंबर को रंगोली, भाषण, पोस्टर एवं नाटक का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों ने एड्स विषय पर जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाएं, जिसे महाविद्यालय में प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात एचआईवी एड्स माहवारी के प्रति जागरूकता का प्रसार करने प्रशिक्षणार्थियों को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते कार्यक्रम को सफल बनाए।



### युवा उत्सव में गायत्री विद्यापीठ ने मारी बाजी

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान बनाया। उक्त प्रतियोगिता खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नवोदय विद्यालय में आयोजित किया गया था। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इसी क्रम में कशिश चंदेल ने एकल लोकगीत गायन में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें संगतकार रहे एकलव्य साहू, तेजांश रंजन एवं चैतन साहू, कहानी लेखन में प्रथम स्थान पर रूपाली साहू रही। इसी प्रकार चित्रकला में द्वितीय स्थान पर खुशी कांकरिया रहे। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्डा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।



### एनपीपीएस व एनएफएस का मना वार्षिकोत्सव

**राजनांदगांव।** एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल का त्रि-दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह 22 से 24 दिसंबर तक एनबीआईएस बोरी स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का थीम वोकल फार लोकल था। कार्यक्रम में प्रथम दिवस एनबीआईएस बोरी, द्वितीय दिवस एनपीपीएस बल्देवबाग एवं तृतीय दिवस एनपीपीएस बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चौक सहित एनएफएस स्कूल का कार्यक्रम संपन्न हुआ।



उक्त कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति ने दर्शकों एवं पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राष्ट्र भक्ति सहित शिक्षाप्रद नाटक, नृत्य एवं स्वच्छ भारत की छवि बनाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति बच्चों ने दी। कार्यक्रम की इसी कड़ी में बच्चों को प्राफेसिएंसी अवार्ड एवं अन्य अवार्ड सहित पैरेंट्स ट्राफियां भी वितरित की गई।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रमशः संजय अग्रवाल कलेक्टर, प्रवास सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी एवं राहुल देव शर्मा एएसपी रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देव बाग एवं जयस्तंभ चौक के बच्चे भारतीय संस्कृति की रक्षा सहित राष्ट्र निर्माण की शिक्षा भी ले रहे हैं। यह बच्चों के कार्यक्रम प्रस्तुति में जाहिर हो रहा है।

संस्था के त्रि-दिवसीय वार्षिकोत्सव वोकल फार लोकल 2024 उड़ान में एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउंडर एवं डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों के स्वागत पश्चात एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउंडर एवं डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 30 वर्षो के अपने अनुभवों को साझा करते कहा कि आज पर्यंत वे उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ, अपने विद्यालयों को राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाए हुए हैं। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

### विकासखंडों में किसान सम्मेलन आयोजित

**मोहला।** सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के विकासखंडों और धान उपार्जन केंद्रों में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। विकासखंड मोहला मोहला, अंबागढ़ चौकी एवं मानपुर में कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। किसान सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत लाभान्वित किसानों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। किसान मनोहर लाल ग्राम माधोपुर, चैतराम तराम ग्राम झरन, ओमप्रकाश ग्राम बंजारी, सर्वोत्तम ग्राम कुंवारदल्ली एवं रामलाल ग्राम रेंगाकठेरा को शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चैत रामकोमरे जनपद सदस्य, उप संचालक कृषि जेएल मंडावी, रतनलाल ताराम सरपंच, गुलाब कोठारी, योगेंद्र सिंह, होरीलाल साहू, ग्राम पटेल, सीआर ठाकुर सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय विशेष शिविर आज से

**राजनांदगांव।** राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरवाही की इकाई द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन बावली में 30 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ध्रुर्वे के निर्देशन में लगाया जाएगा। शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा प्रभातफेरी, परियोजना कार्य, बौद्धिक चर्चा, ग्रामीण खेल, ग्राम संपर्क के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### विशेष कवि सम्मेलन व मुशायरा 3 को

**राजनांदगांव।** सरलुई ब्रेल दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 3 जनवरी को संध्या 8 बजे एक विशेष कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक महमूद खान और धन्नूलाल देवांगन ने बताया कि यह कार्यक्रम दृष्टिबाधित कवियों और सामान्य कवियों की सामूहिक प्रस्तुति का अद्भुत संगम होगा। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय शायरा डॉ. आरफा शबनम आगरा उत्तरप्रदेश, अकबर ताज खंडवा मध्यप्रदेश, शिवशंकर अन्नरंग पटना बिहार, नितेश जैन सरगम आर्केस्ट्रा कलाकार और राजेश तरन्नुम के जादूगर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

# छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का खिताब बिलासपुर ने जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच व समापन समारोह समाजसेवी अंजुम अल्वी के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

विशिष्ट अतिथि एसडीएम खेमलाल वर्मा, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष शिव वर्मा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव योगेश बागड़ी, किसान नेता कोमल सिंह राजपूत, राष्ट्रीय युवा मुख्य संयोजक खंडेलवाल समाज शरद खंडेलवाल, साइंस कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा, समाजसेवी ऋषिदेव चौधरी, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अनूप श्रीवास्तव, नरेश सिन्हा, महेंद्र सिंग ठाकुर, प्रिंस भाटिया, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, गगन आईच शामिल थे।

## अजीज मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह




हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच अपरान्ह 3 बजे खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर विरुद्ध खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने शुरूआती समय से ही अपना दबाव बनाए रखा, उसी कड़ी में बिलासपुर की ओर से मैच के 2रे ही मिनट पैनल्टी कर्नल मिला, जिसे अवि मानिकपुरी ने गोल में तब्दील कर 1-0 गोल से बढ़त बनाई। वहीं मैच के 12वें और 14वें मिनट में सुमित मिंज और मनीष मौर्य ने गोल कर मैच के मध्यंतर तक स्कोर को 3-0 पर ला खड़ा किया। मैच के मध्यांतर बाद भी खेलो इंडिया बिलासपुर के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का परिचय दिया। मैच के 22वें मिनट में ओम यादव और 26वें मिनट में सुमित मिंज ने गोल कर स्कोर 5-0 पर ला दिया। बिलासपुर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते मैच को 5-0 गोल से जीत हासिल करते हॉकी लीग का खिताब अपने नाम किया।

### विजेता को 7500 व उपविजेता को 5000 की मिली राशि

मुख्य अतिथि समाजसेवी अंजुम अल्वी ने कहा कि राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था अजीज मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एबीस ग्रुप द्वारा इस वर्ष के विजेता एवं उपविजेता टीम टीम को क्रमश: 7500 एवं 5000 तथा आगामी वर्ष से रुद्राक्षम वेफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग राष्ट्रीय स्तर के इस अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11000 एवं उपविजेता टीम को 7000 एबीस ग्रुप द्वारा प्रदान किया जाएगा। एबीस ग्रुप के इस घोषणा से खेलप्रेमी जनता व वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों एवं उदयमान हॉकी खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने कहा कि ग्रास रूट स्तर पर बच्चों के लिए यह प्रेरणादायक हॉकी पहल, रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

## शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर वनाचंल में आयोजन

# शहादत दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

गोण्डवाना समाज नवीन ब्लॉक पानाबरस द्वारा पिछले दिनों विकासखण्ड मुख्यालय मानपुर के समीपस्थ ग्राम ख्वासफड़की में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वाधीनता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक इन्द्रशाह मण्डावी सहित गोण्डवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, सेवानिवृत्त डीआईजी डीआर आचला, संभागीय संरक्षक जगत सलामे, सलाहकार हिरेसिंह घावड़े, महासचिव तुकाराम कोर्राम, कोषाध्यक्ष तुलसीराम मरकाम, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, महासचिव जागेश्वर मण्डावी सहित ब्लॉक अध्यक्ष सर्व बाबूराव हिड़को, दिनेश कोरेटी, दिनेश उसेण्डी, मानसाय बोगा, इतवारीराम कड़ियाम, जनपद अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मण्डावी, थाना प्रभारी मानपुर ईश्वर नेताम, संभागीय मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश कोड़ापे, सर्कल अध्यक्ष प्यारी आचला सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज प्रमुख एवं वक्ताओं ने समाज के लोगों को शिक्षित एवं संगठित होकर समाज के विकास में अपना योगदान देने की अपील भी की।



### नई पीढ़ी को बनाए उच्च शिक्षित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्रशाह मण्डावी ने शहीद वीर नारायण सिंह को छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत वर्ष का गौरव बताया। उन्होंने समाज के आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षित बनाने तथा शराब से सदैव दूर रहने की अपील की। मण्डावी ने ग्राम ख्वासफड़की में गोण्डवाना समाज भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

### संस्कृति के संरक्षण का संकल्प

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम ने समाज के लोगों को संगठित रहने तथा अपने संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने की अपील की। संभागीय सलाहकार हिरेसिंह घावड़े ने कहा कि संस्कृति के रक्षा के बिना किसी भी समाज का अस्तित्व सुरक्षित नही रह सकता। संभागीय महासचिव तुकाराम कोर्राम ने शहीद वीर नारायण सिंह की अदम्य वीरता के साथ-साथ गोण्डवाना समाज के गौरवशाली विरासत पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने शहीद वीर नारायण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व और 1857 की क्रांति में उनके योगदानों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छुरिया एवं डोंगरगढ़ ब्लॉक के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी ने ज्ञानवर्धक कविता एवं गीत संगीत के माध्यम से वीर नारायण सिंह की वीरता एवं आदिवासियों की दशा एवं दिशा पर रोचक प्रकाश डाला। कार्यक्रम को ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश उसेण्डी एवं अन्य समाज प्रमुखों ने समाज के लोगों को संगठित होकर समाज के विकास में योगदान देने की अपील की।

### दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग



**राजनांदगांव।** एकल विद्यालय के नवीन आचार्य वर्ग 14 से 24 दिसंबर तक पूज्य भूमि पाटेश्वर धाम में आयोजित की गई। भारतमाता के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन के साथ समापन समारोह आरंभ हुआ। संतश्री राम बालक दास महा त्यागी के विशेष आशीर्वाद के साथ उनके सानिध्य में संपन्न हुई।

इस अवसर पर संतश्री बालक दास ने कहा कि एकल विद्यालय भारत को पुनः वैभव के शिखर की ओर ले जाने अग्रसर है। प्राथमिक शिक्षा आरोग्य शिक्षण जागरण शिक्षा ग्राम विकास एवं संस्कार पंचविषयों के माध्यम से भारत के खोये वैभव एवं ज्ञान को पुनः जागृत करने का प्रयास कर रहा है। इस प्रयास में पाटेश्वर धाम सदैव एकल विद्यालय के साथ खड़ा रहेगा। एकल विद्यालय संभाग छत्तीसगढ शिक्षा समिति सक्रिय सदस्य रवि सिन्हा ने कहा कि एकल विद्यालय ने वनवासी समाज को उनकी मूल संस्कृति से जोड़ने का एक अद्भुत प्रयास किया है। पर्यावरण, स्वच्छता आदि कार्य के माध्यम से नवजागरण का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां 10 दिवसीय अभियान में प्रशिक्षित आचार्य ग्राम स्तर पर जाकर इस ज्ञान का प्रचार-प्रसार करेंगे।

# पुलिस ने नक्सल स्मारक को किया ध्वस्त, आपरेशन तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला क्षेत्र अंतर्गत माओवादियों द्वारा पेंगुंडा से नेलगुंडा मार्ग पर एक स्मारक बनाया गया था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस बल ने उक्त स्मारक को ध्वस्त किया। पुलिस द्वारा नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गढ़चिरौली जिला के सुदूर एवं अति दुर्गम क्षेत्र है, जहां पर कई आदिवासी आज भी विकास से कोसों दूर हैं, उन्हें विकसित करने एवं माओवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु गढ़चिरौली पुलिस बल की ओर से 11 दिसंबर को नवीन पुलिस राहत सब डिवीजन भामरागढ़ के अंतर्गत पेंगुंडा में केंद्र स्थापित किया गया। गढ़चिरौली पुलिस के अनुसार 28 दिसंबर को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि उपखंड अंतर्गत पोमकेन पेंगुंडा सीमा में पेंगुंडा से नेलगुंडा मार्ग पर पेंगुंडा गांव से दो किलोमीटर की दूरी पर माओवादियों ने नए पुलिस सहायता केंद्र के निर्माण से पहले अपना स्मारक बनाया है, जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जब गढ़चिरौली पुलिस बल के बीडीडीएस, प्राणहिता और विशेष मिशन दल प्राणहिता के चार दस्तों के जवानों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया तो पेंगुंडा से नेलगुंडा रोड पर माओवादियों द्वारा बनाया गया एक स्मारक देखा गया। बीडीडीएस टीम ने उक्त क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया और उसके बाद स्पेशल मिशन टीम के जवानों ने उक्त माओवादियों द्वारा बनाए गए स्मारक को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने उक्त क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान को तेज कर दिया है।



# आदिवासी समाज ने मनाया शक्ति दिवस

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा शहर में शक्ति दिवस समारोह का आयोजन करते शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

हल्बा-हल्बी समाज द्वारा शक्ति दिवस का आयोजन करते मां दंतेश्वरी की आराधना की गई। समाज के जिला सचिव मुकेश ठाकुर ने बताया कि 26 दिसंबर 1998 को बस्तर के बड़े डोंगर में एक विशाल सभा बैठक के माध्यम से सामाजिक एकता का संदेश देते आपसी भाईचारा और सौहार्द्र की दिशा में कार्य किया गया, तब से इस दिवस को शक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है।



### शहर में निकली शोभायात्रा

शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में शहर के कमला कॉलेज के समीप आदिवासी हल्बा- हल्बी सामाजिक भवन से शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। वहीं पारंपारिक नृत्य करते हुए शोभायात्रा शहर के अंबेडकर चौक से पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची।

### खेल प्रतियोगिता और सम्मान समारोह

शक्ति दिवस के आयोजन पर मां दंतेश्वरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। वहीं महिलाओं के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं इस अवसर पर आयोजित मिलन समारोह में सेवानिवृत्ति समाज के अधिकारियों, समाज को गौरवान्वित करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# शिविर में 218 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

**राजनांदगांव।** विप्र फाउंडेशन की जिला इकाई द्वारा भरकापारा स्थित एलिजेंट कालेज में आयुष्मान एवं वय आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु एक दिवसीय विशेष निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले 18 वरिष्ठ नागरिकों को नवीन आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत कार्ड प्रदान किए गए। इसके अलावा, 88 नए पंजीकरण करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कुल मिलाकर, 218 लोगों ने शिविर में पंजीकरण कराया और उन्हें आयुष्मान योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को विभागीय कर्मचारी सूर्यकांत वर्मा और जीत कुमार हरिहारनो ने कुशलतापूर्वक अंजाम दिया। जिला अध्यक्ष अशोक जोशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा किआयुष्मान योजना जैसे प्रयास हमारे मारवाड़ी ब्राह्मण परिवार एवं अन्य परिवार के वंचित वर्गों के लिए वरदान हैं।



# पूर्व सांसद यादव ने किया कैलेंडर का विमोचन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने बीते दिनों पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मोतीपुर स्थित निज निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों एवं अन्य शासकीय कर्मचारियों के हितार्थ प्रकाशित नववर्ष के टेबल कैलेंडर 2025 का पूर्व सांसद मधुसूदन के करकमलों से विमोचन करवाकर इसकी प्रति उपस्थित शिक्षकों को वितरित की। प्रतिनिधि मंडल में शैलेन्द्र यद्घु, गोपी वर्मा, शरद शुक्ला, जीवन वर्मा, देवेन्द्र साहू, हंस मेश्राम, मनोज वर्मा, संदीप साहू, संजीव गंधर्व, राजेश साहू, धनसिंग साहू, मिताली कटकवार, आदित्य तिवारी, ब्रिजेश वर्मा, सुभाष पटेल, भारती साहू, स्वाती गंधर्व, शशि ठाकुर, नीलमणि साहू, माधव साहू, गिरीश हीरवानी, किशन देशमुख, महेश ठाकुर, महादेव वाल्दे, गुमान साहू, दीपिका साहू, कुमुद श्रीवास, नूतन हिरवानी, राकेश नेताम, परस पटेल, देवेश देशलहरे, नेकराम साहू, रोहित तारम, सुदामा साहू, शत्रुघन तिवारी गैंदलाल डहरे उपस्थित रहे।



# युगांतर में वार्षिकोत्सव नवरंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल का बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव नवरंग हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। दर्शकों के विशाल समुदाय के बीच आयोजित यह वार्षिकोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा काफी संख्या में गीत, नृत्य, अभिनय जैसी रोचक कलाओं का प्रदर्शन किया गया। युगांतर परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव में दर्शकों ने काफी विविधता देखी। प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड में प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चैक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह ज्ञात हो कि संस्था द्वारा हर वर्ष प्रावीण्य सूची में स्थान निर्धारित करनेवाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके अलावा विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थी भी सम्मानित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, परस अग्रवाल, नरेंद्र कोटड़िया, डॉ. मोहन पारख, राजकुमार अग्रवाल, जितेंद्र भंसाली , रितेश गंडेचा , पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित पालकगण उपस्थित रहे।



चेयरमैन विनोद सदानी ने कहा कि यह वार्षिकोत्सव युगांतर परिवार के अथक मेहनत की वजह से सदा अविस्मरणीय बना रहेगा। इस वार्षिकोत्सव में टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ का जो सहयोग मिला है, उसकी वजह से सारा आयोजन ऐतिहासिक व अनुपम बना है।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की खूबसूरत छंटा बिखरी। पालकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा किए एलईडी और ग्राफिक्स वर्क को काफी सराहा। यह वर्क कम्प्यूटर विभाग के मार्गदर्शन में किया गया था। यह सब मिलकर बहुत बड़े इवेंट्स का अहसास करा रहे थे। नृत्य नाटिका छावा में वीर शिवाजी के पुत्र संभाजी की वीरता के दर्शन हुए। इस सामूहिक नृत्य में विद्यार्थियों के नृत्य के साथ उनके शानदार अभिनय ने काफी प्रभावित किया। सामूहिक नृत्य कल्कि में भगवान विष्णु के कल्कि अवतार की महिमा का बखान हुआ, जो दर्शकों को खूब लुभाया। विद्यार्थियों ने नृत्य और स्टंट के जरिये खूब वाहवाही बटोरी।



## खबर संक्षेप

### बैलमुडा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम बैलमुडा में स्व. तीजूराम निर्मलकर के वार्षिक श्राद्ध पर सुपुत्र सुखचैन निर्मलकर के निज निवास में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास पं पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री द्वारा पंचम दिवस में श्रीमद् भागवत अंतर्गत वंश वर्णन श्रीराम चरित्र एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन प्रसंगो को बहुत ही सरल सहज एवं आम जनता के मानस पटल के ग्रहिय बहुत ही मार्मिक ढंग से वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा सुबह 10 से दोपहर 1 तक एवं 3 से शाम 5 बजे तक ज्ञान यज्ञ में परायणकर्ता पं सत्यप्रकाश मिश्रा ग्राम आचार्य द्वारा पारायण किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन सुखचैन निर्मलकर एवं उनके परिवारजनों द्वारा अपने पिता के वार्षिक श्राद्ध के साथ ही साथ पितृ जनों के उद्धार के लिए किया जा रहा है। इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन से बैलमुडा के साथ ही साथ आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। वहीं संगीतमय श्रीमद्भावगत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा सुनने नीलम धनकर, तोमन ठाकुर, रामभाऊ जायसवाल, बाबूलाल रजक, मुनी चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, रामचंद्र साहू व भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने दिए निर्देश

# पीएम आवास योजना के कार्यों में लाएं तेजी: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारंभ करते हुए हितग्राहियों को प्रोत्साहित करें, ताकि वे समय पर अपने आवास का निर्माण कर सकें। सभी आवासों का निरीक्षण मैदानी कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से करते हुए हितग्राहियों का मार्गदर्शन किया जाए। जिससे वे अपने आवास का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से कर सकें। उक्त निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक में दिए गए। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सभी सीईओ जनपद पंचायत को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। शासन की योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों को प्राप्त हो, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 13.865 आवास एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों में से अब तक 2.394 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी करने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। इन सभी आवासों के हितग्राहियों से तत्काल संपर्क कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश विकासखंड समन्वयकों को दिए गए। सभी तकनीकी सहायकों को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण करते हुए योजनांतर्गत आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, निर्माण की प्रगति के आधार पर नियमानुसार किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खातों में जारी करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, सीईओ जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी महात्मा गांधी मनरेगा योजना, विकासखंड समन्वयक, सहायक परियोजना अधिकारी महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास समन्वयक, सहायक अभियंता सहित जिला पंचायत के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

### बैठक में श्री त्रिपाठी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-18 के 24 हितग्राहियों की द्वितीय किश्त, 2024-25 के 5.576 हितग्राहियों की द्वितीय किश्त तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के 1.485 हितग्राहियों की तृतीय किश्त की राशि निर्माण कार्य के अनुसार जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा योजनांतर्गत स्वीकृति हेतु शेष 2. 753 आवासों की स्वीकृति कराकर राशि जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2022-23 के अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं प्रगतिरत आवासों के मस्टर रोल जारी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान शेष अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने में धीमी गति तथा 6.255 हितग्राहियों के एफटीओ समय पर जारी न होने पर सीईओ, जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं विकासखंड समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित एफटीओ को चार दिवस के भीतर जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

# पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में धर्मांतरण के खिलाफ हिंदूवादी वक्ता गौतम खट्टर ने भरी हुंकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शनिवार को कवर्धा शहर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में हिन्दू मैं जगाने आया हूँ हिंदू जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे हिंदूवादी राष्ट्रीय वक्ता गौतम खट्टर अपने विचारों से ओत-प्रोत करने के लिए पहुंचे। इस बीच आयोजक समितियों के द्वारा राष्ट्रीय हिन्दू प्रखर वक्ता गौतम खट्टर का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के बाद कार्यक्रम का गौतम खट्टर, अशोकानंद महाराज और श्रीमती गीता वेदालंकार आर्या ने भारत माता, वीर साहेबजादे और स्वामी श्रद्धानंद की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसके बाद पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में हजारों की संख्या में उपस्थित सनातनियों को गौतम खट्टर ने संबोधित किया, जिसमे उन्होंने वीर साहेबजादे और स्वामी श्रद्धानंद द्वारा धर्म के प्रति किए त्याग को याद कराते हुए अपने वक्तव्य की शुरुआत किया। इस बीच उन्होंने ने सनातन धर्म की पुस्तकों में पाश्चात्य विधर्मी लोगों के द्वारा किए गए मिलावट को लेकर तथ्यों को सामने रखा जिसमें उन्होंने ने बताया कि हिन्दू सनातन धर्म की अधिकांश पुस्तकों में विधर्मी द्वारा मिलावट कर दिया गया जिसकी वजह से हिंदू समाज के बीच में सही तथ्यों के नहीं होने के चलते हम अपने ही देवी-देवताओं का मजाक उड़ा रहे हैं। इन मिलावटी पुस्तकों का अध्ययन नहीं करने और इसका विरोध करने की बात किया गया।

### धर्मांतरण के खिलाफ जमकर बोले गौतम खट्टर

गौतम खट्टर ने कहा सनातन हिन्दू धर्म को बिखेरने के लिए धर्मांतरण का खेल पूरे देश में चलाया जा रहा है, जिसमें सिर्फ हिन्दू समाज को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने ने धर्मांतरण को लेकर कहा कि धर्मांतरित होने के मुख्य कारण है कि हम विधर्मियो से धर्म को लेकर कोई तर्क-वितर्क नहीं करते जिससे उनके झांसे में आकर धर्मांतरण कर लेते हैं। इसी लिए हमें अपने धार्मिक पुस्तके वेद, भागवत, रामायण, महाभारत, मनुस्मृति जैसे धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने की आवश्यकता है, जिससे धर्मांतरण के खिलाफ तर्क वितर्क करके धर्मांतरण को रोका जा सकेगा। उन्होंने हिंदू समाज से अपील किया कि समाज व्याप्त बुराइयां छुआ छूत, भेदभाव को खत्म करे और हिन्दू समाज में जिस समाज को इस दृष्टि से देखा जा रहा है वैसे लोगो को अपने साथ लेकर चले उनसे कोई भी भेदभाव नहीं रखना चाहिए, उनके घरों में जाकर भोजन करना उनको अपने घरों में आमंत्रित करना जैसे कार्य जब हिन्दू समाज में आएगा तो हमारा एक भी व्यक्ति हमसे नहीं टूटेगा, नहीं तो हिन्दू समाज को तोड़ने में इससे बड़ी समस्या और कोई नहीं हो सकता।

### बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए तैयार करे: गौतम

गौतम खट्टर ने पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में मौजूद लोगों से अपील किया जब भी सनातन धर्म से जुड़े कोई भी आयोजन हो तो अपने बच्चों को लेकर वहां पहुंचे। जिससे आपके बच्चे सनातन धर्म से जुड़े रहेंगे और अपने धर्म के प्रति निष्ठा से जुड़े रहेंगे। उन्होंने बच्चियों को रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मी बाई जैसे साहसी बनाने की बात कही क्योंकि आज के समय में बच्चियों को अपनी आत्मरक्षा करना स्वयं आना चाहिए। इसके साथ ही हिन्दू समाज के लोग भी आने वाले दिनों के लिए तैयार हो जाए और अपने पास भी हिन्दू धर्म की देवी-देवताओं की तरह अस्त्रों को साथ रखे। उन्होंने ने कहा कि अब का समय सिर्फ मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना से चलने वाला नहीं है बल्कि जिन देवी देवताओं की हम पूजा अर्चना करते है उनके तरह हमे बनने की भी आवश्यकता है। जिससे सनातन धर्म और संगठित और मजबूत हो पाएगा।

# बसनी में गुरु घासीदास की 268 वी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बसनी में शनिवार को संत शिरोमणि गुरू घासीदास की 268वीं जयंती बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं बाबा गुरू घासीदास की संदेश मानव के बीच सद्भावना, भाईचारा, समानता की भावना को विकसित करने वाले वाले महान संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, अध्यक्षता प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष सेवाराम कुर्रे एवं जनपद सदस्य नंदलाल चंद्राकर, सभापति रवि यादव, महामंत्री अजा युवा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे, सरपंच मनोज जांगड़े, उपसरपंच लिलवा चंद्राकर के विशिष्ट अतिथि में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास समारोह का आयोजित किया गया।

उक्त समारोह में पंथी पार्टी द्वारा बाबा के उपदेशों पर आधारित मनमोहक पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रामकुमार भट्ट ने बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों का बखान करते हुए कहा बाबा ने समाज के उत्थान के लिए अनेक नियम बनाए साथ ही सत्य और ज्ञान की खोज के लिए कठिन तपस्या करके समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की सीख दी यदि समाज बाबा के बताए हुए उपदेशों के अनुशरण कर जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़े तो निश्चित रूप से समाज तरक्की एवं समाज का कल्याण संभव है।

### पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस ने दिया पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि



**हरिभूमि पंडरिया।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ने श्रद्धांजलि सभा रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया व उनके जीवन पर प्रकाश डाला। भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में उनके किए गए कार्य पर प्रकाश डाला गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को सुधारने में उनका योगदान को हमेशा देश याद रखेगा। उनके द्वारा लाए गए शिक्षा के अधिकार, सूचना के अधिकार, आधार कार्ड, खाद्य सुरक्षा कानून जैसे अनेक योजनाएं भारत देश में लागू किए। उनका जाना देश की क्षति है जिसकी भरपाई नही की जा सकती। श्रद्धांजलि सभा में राधेलाल भास्कर, सुभाष पूरी गोस्वामी, गुरुदत्त शर्मा, निर्मल सिंह, काशीनाथ ठाकुर, मनीष शर्मा, गिरीराज ठाकुर, शारदा सोनवानी, राजकुमार अनंत, शैलेन्द्र गुप्ता, अतुल बारगाह, घनश्याम साहू, वैभव ठाकुर, रामकुमार गायकवाड़, मनोज राजपूत, रवि मानिकपुरी, विवेक जैन, चंद्रभान टन्डन, लक्ष्मण राय, विनोद यादव, अकबर खान, सुनील ठाकुर, छेदी जायसवाल, श्यामू धुलिया, विकास देवांगन, सुजीत कुम्भकार, हाकिम खान, सोनू यादव, मनोज गायकवाड़, रोहित बर्मन, मुकेश संवरा, कृष्णा डाहिरे, श्रवण डाहिरे, अर्जुन साहू, दिलीप चंद्रवंशी, थलेश देवांगन, जलेश यादव, शाहदील खान, गोलू खान, नरेश धुलिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा मण्डल कुण्डा ने 117वें व इस साल की अंतिम एपिसोड पीएम मोदी की मन की बात सुनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

रविवार को भाजपा मण्डल कुण्डा ने अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात गृह निवास में सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 117वी बार मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। यह 2024 का आखिरी एपीसोड था, क्योंकि इस वर्ष लोकसभा चुनाव के कारण मार्च-अप्रैल व मई में मन की बात का प्रसारण नहीं हो सका। इसे पहले 116वां एपिसोड 24 नवम्बर को प्रसारित हुआ था, जिसमें पीएम मोदी ने डिजिटल अपराध स्वामी विवेकानंद एनसीसी और लाइब्रेरी जैसी विषयों पर चर्चा की थी। इस कार्यक्रम 3 अक्टूबर को शुरू हुआ था और इसका प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों के माध्यम से होता है। मन की बात कार्यक्रम 22 भारतीय भाषाओं 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में सुनाया जाता है। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं जिला अध्यक्ष भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल कुण्डा में मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के अगवाई में इस साल की अंतिम एपिसोड मन की बात को सुना। मन की बात के 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा 26 जनवरी 2025 को हमारा संविधान 75 वें वर्ष पूरे कर रहा है, संविधान हमारा मार्ग दर्शक है इस वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर भारत अपने संविधान को अपनाने का 75वां वर्ष मनाएगा। इस मिल के पत्थर का सम्मान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान नागरिकों को संविधान की प्रस्ताव पढ़ने और अपने वीडियो साझा करने के लिए आमंत्रित करता है जिससे सामूहिक गौरव और एकता की भावना को बढ़ावा मिलता है देश की नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है आप संविधान को असंख्य भाषाओं में पढ़ सकते है और संविधान से संबंधित प्रश्न पूछ सकते है। इस पीएम मोदी की मन की बात सुनी जिसमें सरपंच ग्राम पंचायत हथमुड़ी गायत्री चंद्रवंशी, मिथिला चंद्रवंशी, सुखमत चंद्रवंशी, रमेशरिन चंद्रवंशी, मुक्कू चंद्रवंशी, शुभम गुप्ता, जित्तू, भयू, अशोक चंद्रवंशी, रामकृष्ण वैष्णव, घनश्याम गुप्ता, कुमार चंद्रवंशी, अन्नू चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के 140वें स्थापना दिवस की दी बधाई: अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस समारोह पर पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अर्जुन तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के बहुआयामी उद्देश्यों को सदैव सहयोग करेंगे, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं के साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और समाज में बदलाव की दिशा में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका को याद करने का अवसर है। कांग्रेस ने हमेशा देशहित, जनसेवा, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के लिए कार्य किए हैं और आज भी यह राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


# आवेदन आमंत्रित

**पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)**

**अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।**

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर


### श्री बकेला चिंतामणि पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव पंडरिया में गुरु भगवंतों की निश्रा में धर्म आराधना पूजा पाठ से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

नगर पंचायत पंडरिया में प.पू.गणाधीश प्रवर श्री विनयकुशल मुनि म.सा.,दीर्घ तपस्वी प.पू.विराग मुनि म.सा.आदि ठाणा 9 की पवन निश्रा में पूजा पाठ धर्म आराधना के साथ मनाया गया। पोष बदी दशमी, 25 दिसम्बर को प्रातः से पूजा पाठ, पंचकल्याणक पूजन पंडरिया-कवर्धा नगर की जिनशासन सेवा में सक्रिय बेटी सुश्री पलक लोढ़ा द्वारा गुरु भगवंतों के सानिध्य में भक्ति भाव से कराया गया, जिसमे सकल श्री संघ के सभी श्रावक श्राविकाओ ने लाभ लिया। दोपहर में प्रभु परमात्मा के साथ गुरु भगवंतो के सानिध्य में सकल श्री संघ के साथ समस्त भारत वर्ष से पधारे धर्म प्रेमी श्रावकों के साथ निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए जिनमंदिर पहुंची। वहीं रात्रि में विशेष रूप से भक्ति के लिए गुरु भक्त श्री संभव लुनिया खैरागढ़ ने भक्ति भाव के साथ लोगो को प्रभु पार्श्वनाथ दादा की भक्ति से लोगो को भाव भक्ति से जोड़ा, जिसमे सभी ने नाचते गाते भक्ति की भक्ति कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि वीर पिता राजेश बुरड रायपुर, अध्यक्षता मनोज बैद, अध्यक्ष सकल जैन श्री संघ राजनंदगांव, विशिष्ट अतिथि दीपचंद कोटडिया रायपुर, कांतिलाल लोढ़ा मुंगेली, अजय टाटिया कवर्धा, राजू पारख, भीखमचंद लोढ़ा, हुकुमचंद लोढ़ा, यशवंत राज बंगानी, रावलमल लोढ़ा, सुधीर डाकलिया उपस्थित थे।







## कार्यवाही: महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों में हड़कंप, अब तक 18 कर्मचारी सेवा से पृथक

# जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों पर छंटनी की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मौजूदा वक्त में जहां एक तरफ पढ़े लिखे शिक्षित डिग्री, डिप्लोमाधारी युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सरकार इन शिक्षित और पढ़े लिखे डिग्री डिप्लोमाधारी बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के बजाए उनकी लगी लगाई नौकरी छीनने का कार्य कर रही है। ऐसा ही एक मामला जिले के स्वास्थ्य विभाग से सामने आया है। जानकारी के मुताबिक विभाग द्वारा जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में विगत पांच से सात सालों से महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों को बेवजह धड़ाधड़ नोटिस थमा कर उन्हें सेवा से पृथक किया जा रहा है। जिसे लेकर सेकेंड एएनएम कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और वे अपने भविष्य को लेकर बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं तथा स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री से अर्जी विनती कर सेवा में पुनः बहाल कराने की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन पीड़ित महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों की माने तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है और स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उन्हें धड़ाधड़ नोटिस जारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में करीब 64 की संख्या में महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारी विगत पांच से सात सालों से महम दस हजार रूपए के अल्प मानदेय में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। लेकिन इन महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों की माने तो हाल के महिनो में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा अचानक महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों की छटनी शुरू कर दी गई है और इस प्रक्रिया के तहत अभी तक आठ महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों को सेवाओं से पृथक कर दिया गया है वहीं हाल ही में दस महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नोटिस थमाकर सेवा पृथक करने का आदेश दिया है। जिसे लेकर अब महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। विभाग की इस कार्यवाही के बाद जब महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से इस संबंध में मुलाकात की तो उन्होने दो टूक कह दिया की विभाग के पास कर्मचारियों को मानदेय भुगतान के लिए कोई फंड नहीं है। जिसके बाद पीड़ित कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष अपनी मांग रखते हुए सेवा से पृथक किए कर्मचारियों को तत्काल सेवा में बहाल किए जाने तथा छटनी समाप्त किए जाने की मांग की। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने फौरी कार्यवाही करते हुए मुख्य चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर अभी तक सेवा से पृथक किए गए महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों को तत्काल सेवा में वापस लिए जाने तथा छटनी समाप्त करने के निर्देश दिए। लेकिन कर्मचारियों की माने तो मंत्री के इस निर्देश के बाद भी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं मुख्य चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी दो टूक कह रहे हैं कि महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों का कुछ नहीं हो सकता उनकी सेवा समाप्त होगी ही। ऐसे में अब इन कर्मचारियों ने संघ के साथ मिलकर बड़े आंदोलन तथा कोर्ट जाने की चेतावनी दी है।

### नई सिरे से भर्ती की सुगबुगाहट




कर्मचारियों ने बताया कि विभाग महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों के पद को पूरी तरह से समाप्त करना चाहता है और इन पदों नए सिरे से भर्ती करना चाहता है। लेकिन महिला संयोजिका सेकेंड एएनएम कर्मचारियों ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब विभाग द्वारा उनका मानदेय भुगतान करने के लिए फंड नहीं तो फिर नई भर्ती के लिए फंड कहां से आएगा और अगर विभाग को यहीं करना है तो फिर बीते 5-7 सालो से विभाग में पूरी निष्ठा और लगन से सेवाएं देते कर्मचारियों के पेट में लात क्यों मारी जा रही है।

### बड़े आंदोलन तथा न्यायालय जाने की चेतावनी

कर्मचारियों ने बताया कि इस तरह की छटनी स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे प्रदेश कर रहा है लेकिन कर्मचारियों की माने तो सबसे ज्यादा कर्मचारियों की छटनी कबीरधाम जिले में ही की गई है। विभाग और शासन-प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही को लेकर अब कर्मचारियों में भारी आक्रोश है और उन्होने संघ के बैनर तले आने वाले दिनो में बड़े आंदोलन की चेतावनी तथा अपने हक व अधिकार को लेकर न्यायालय की शरण में जाने की चेतावनी दी है।

# चिकन सेंटर में अवैध शराब बेंचते दो आरोपी किए गए गिरफ्तार



■ 21 पौवा देशी शराब की गई जप्त, स.लोहारा पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम सिल्हाटी में संचालित एक चिकन सेंटर में दबिस देकर अवैध शराब जप्त की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21 पौवा देशी शराब जप्त की है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 352/24, धारा 34(1)(ख) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 28 दिसम्बर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिल्हाटी बस स्टैंड के पास स्थित रवि चिकन सेंटर में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल रेड कार्रवाई करते हुए मौके से दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में रवि देवांगन पिता शत्रोहन देवांगन आयु 27 वर्ष निवासी सिल्हाटी के कब्जे से एक काले-नीले रंग के थैले में 21 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक 180 एमल भरी हुई, कुल 3.780 बल्क लीटर देशी शराब जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य 1890 रूपए आंका गया है। वहीं दूसरे आरोपी आकाश जोगी पिताः स्व. भुवन जोगी आयु 26 वर्ष निवासी लाखाटोला के पास से शराब बिक्री की नगद रकम 400 सौ रूपए जब्त की गई। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में जब्त सामग्री की कुल कीमत 2290 आंकी गई। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना स/लोहरा में अपराध क्रमांक 352/24, धारा 34(1)(ख) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में अवैध शराब बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही है लेकिन आबकारी विभाग इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को थाना कोतवाली पुलिस ने शाम से लेकर देर रात तक बाइक पेट्रोलिंग अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य शहर में कानून व्यवस्था को बनाए रखना और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना था। पुलिस ने बाइक पेट्रोलिंग, रूटीन चेकिंग और संदिग्ध स्थानों पर गश्त कर यह सुनिश्चित किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए और वे कोई भी अवैध गतिविधि ना कर सकें। इस दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों को चिन्हित किया और उन्हें समझाइश दी। साथ ही कुछ व्यक्तियों को थाने लाकर चेतावनी दी गई ताकि वे भविष्य में कानून का उल्लंघन करने से बचें।

### जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण आज

**कवर्धा।** राज्य की 33 जिला पंचायत के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार आरक्षण व प्रवर्गवार महिलाओं का आरक्षण 30 दिसम्बर को होगा। आरक्षण की प्रक्रिया संचालक पंचायत सुबह 10 बजे से ठाकुर प्यारेलाल पंचायत व ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा (रायपुर) में शुरू करेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की आम सूचना का प्रकाशन संचालक पंचायत ने 23 दिसंबर को किया है। आरक्षण प्रक्रिया की जानकारी 30 दिसम्बर को पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग को भेजेंगे।

# आंगनवाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों के पोषण ट्रैकर में होंगे आधार दर्ज

## बच्चों के आधार बनाने लगेंगे विशेष कैंप



■ छूटे हुए बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत शासन द्वारा विकसित निगरानी सॉफ्टवेयर पोषण ट्रैकर में आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज सभी हितग्राहियों के आधार नंबर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अंतरविभागीय बैठक आयोजित कर इस कार्य की समीक्षा की।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से गर्भवती और शिशुवती माताओं के आधार दर्ज किए जा चुके हैं। जिन बच्चों के आधार कार्ड बन चुके हैं, उनका सेल्फ आधार दर्ज करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं, जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड तैयार नहीं हैं, उनके लिए विशेष कैंप आयोजित करने की आवश्यकता जताई गई। बैठक में जिला सांख्यिकी अधिकारी सुदर्शन कुर्रे ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत सचिव और नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी विहित अधिकारी होते हैं।

इस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं, उनकी सूची संबंधित निकायों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत) और नगर पालिका अधिकारियों को आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा, एक वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों में सभी तहसीलदारों को प्राथमिकता से कार्यवाही कर जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में ईडीएम देवेश सिंह और डाक विभाग के एसडीआई अजय देवांगन ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर और डाक विभाग के ऑपरेटरों को बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही, डाक विभाग द्वारा आवश्यक स्थानों पर विशेष कैंप लगाना प्रारंभ कर दिया गया है।

इस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिक से अधिक कैंप लगाने और ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाने के लिए कबीरधाम जिले में परीक्षा केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर चर्चा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीएल राज, सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुदर्शन कुर्रे सहित जनपदों के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, सभी तहसीलदार और नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ द्वारा संयोजक, सह संयोजक तथा सदस्यों का कवर्धा में सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय किसान संघ के द्वारा सेवा सहकारी समितियों में चुने गए सभी संयोजक, सह संयोजक तथा सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। भारतीय किसान संघ से मिली जानकारी के मुताबिक सम्मेलन का आयोजन 30 दिसम्बर को पुराना कृषि मंडी प्रांगण कवर्धा में किया जाएगा। संघ के मुताबिक इस सम्मेलन में सेवा सहकारी समितियों में सहकारिता के नियम के तहत किसानों के क्या-क्या अधिकार हैं साथ ही सहकारी समितियों के उपयोगिता क्या है इसके माध्यम से किसान क्या-क्या लाभ ले सकते हैं। इन सभी बातों की जानकारी आप लोगों को दी जाएगी। समिति के पदाधिकारियों को कृषि देवता भगवान बलराम जी का फोटो, नोटबुक तथा पेन दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के जिला कार्यकारिणी सदस्य तथा तहसील कार्यकारिणी सदस्य भी भाग लेंगे। धान खरीदी के सभी नियमों पर विस्तार से चर्चा किया जाएगा।

# कवर्धा सहित अंचल में दूसरे दिन भी हुई बारिश, मौसम में आई ठंडकता



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा सहित अंचल में दूसरे दिन भी बारिश का दौर जारी रहा। बीते शनिवार को जहां जिले के पंडरिया क्षेत्र के वनांचल ईलाकों में जोरदार बारिश हुई वहीं रविवार की सुबह कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में बारिश देखने को मिली। हालांकि कवर्धा क्षेत्र में वैसी बारिश देखने को नहीं मिली लेकिन आसमान में बदली छाई रही। रविवार को हुई हल्की बूंदा बांदी के बाद कुछ समय के लिए धूप भी खिली रही। मौसम विभाग की माने तो अंचल में आने वाले दिनो में बारिश तो नहीं होगा लेकिन मौसम साफ होने के बाद ठंड का प्रकोप बढ़ेगा। वहीं दूसरी तरफ इस बेमौसम बारिश से किसानो की रबि फसल भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। खासकर आसमान में लगातार बदली छाई रहने के कारण दलहन फसलों में इल्लियों का प्रकोप बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा बेमौसम बारिश से इन दिनो अंचल में चल रहे खेती किसानी के कामों में धान परिवहन गन्ना कटाई आदि के भी प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। लेकिन किसानो की माने तो इस बेमौसम बारिश से गेंहू की फसल को फायदा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो अंचल के मौसम में आए इस बदलाव का मिला जुआ असर देखने को मिल रहा है।

### संशोधित कार्यक्रम किया गया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत विकासखंडवार सभी पंचायतों में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरूवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा।

## कृषि महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित किया गया वीर बाल दिवस कार्यक्रम

# गुरु पुत्रों के अमर बलिदान से देश को लेनी चाहिए प्रेरणाः चंद्रशेखर वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के अमर बलिदान को समर्पित क्विज एवं संगोष्ठी कार्यक्रम के अवसर पर कृषि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विषय वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा शामिल हुए। इस मौके पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक जसविंदर बग्गा, अधिष्ठाता राकेश, प्राध्यापक धनंजय राय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे जिन्हें संगोष्ठी से पहले साहिबजादों के बलिदान की शॉर्ट फिल्म भी दिखाई गई। महाविद्यालय सभागार में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि आज का यह दिन हमारे इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय लेकर आया है। हम सभी यहां वीर बाल दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। यह दिवस हमें अपने देश के उन वीर बालकों की महान गाथाओं की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और अडिग निष्ठा से इतिहास में अमर स्थान बनाया। मैं यहां विशेष रूप से साहबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करना चाहता हूं। ये दोनों बालक, गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र, जिनकी आयु मात्र 9 और 6 वर्ष थी, उन्होंने धर्म और आस्था की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह इतिहास में अनुपम और अद्वितीय है। साथियों, हमें यह याद रखना चाहिए कि इन नन्हे साहबजादों ने एक क्रूर और अन्यायपूर्ण सत्ता के सामने झुकने से इनकार कर दिया। उनकी दृढ़ता और साहस ने यह साबित कर दिया कि सच्चाई और धर्म की शक्ति के सामने कोई भी ताकत टिक नहीं सकती। उन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया,लेकिन उनका साहस अडिग रहा। यह बलिदान हमें सिखाता है कि जब हमारी संस्कृति, हमारी आस्था और हमारे मूल्यों पर संकट आए, तो हमें किसी भी कीमत पर अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए।आज का दिन केवल इतिहास को याद करने का नहीं, बल्कि उससे प्रेरणा लेने का भी है। हमारे देश के लाखों बच्चे और युवा इन साहिबजादों की गाथाओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में साहस, ईमानदारी और निष्ठा के मूल्यों को आत्मसात कर सकते हैं। वीर बाल दिवस मनाने का अर्थ केवल अतीत को याद करना नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि हम अपने बच्चों और युवाओं को ऐसी शिक्षा और संस्कार दें, जिससे वे साहस और सच्चाई के मार्ग पर चल सकें।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संशोधित कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश की सभी नगर पालिका के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने का 1 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम (समय-अनुसूची) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम (समय-अनुसूची) के द्वितीय चरण अंतर्गत मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा तथा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराया जाएगा। दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 6 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित की गई है। दावा-आपत्तियों का निपटान गुरूवार 9 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 10 जनवरी 2025 तक है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शनिवार 11 जनवरी 2025 है। निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील की जा सकती है। मंगलवार 14 जनवरी 2025 तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों के प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करने, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौपने तथा अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्र करने की कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 15 जनवरी 2025 तक किया जाएगा।